Jagran

BPSC cancels History exam held on July 15

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 56वीं से 59वीं संयुक्त मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के तहत इस वर्ष 15 जुलाई को आयोजित इतिहास विषय के द्वितीय पेपर को रद कर दिया है। यह परीक्षा राजधानी के 39 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। पुनर्परीक्षा की संभावित तिथि 13 नवंबर है। अगर परिस्थितिवश जरूरी हुआ तो इस परीक्षा तिथि में बदलाव भी हो सकता है। दोबारा होने वाली परीक्षा में वे उम्मीदवार ही भाग ले सकते हैं जिन्होंने इस वर्ष 15 जुलाई को परीक्षा दी थी। आयोग ने परीक्षा रद करने के पीछे तकनीकी कारणों का ही हवाला दिया है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार आयोग की वेबसाइट द्धह्लह्लश्चः// ढ्डश्चह्यष्.ढ्डद्बद्ध.ड्डद्बष्.द्बठ्ठ पर भी संपर्क कर सकते हैं।